**स्व. अशोक कुमार को धारा 13(2) के नोटिस भेजने की रसीद एवं ऑनलाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी बैंक ने धारा 13(2) के नोटिस का प्रकाशन बिना चस्पांगदी के दो समाचार पत्रों इण्डियन एक्सप्रैस एवं दैनिक नवज्योति में दिनांक 27.11.2019 को करवाया है।**

**वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करने के लिए विवादग्रस्त सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा चाहा जा रहा है वह सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट के क्षेत्राधिकार में होना आवश्यक है और दूसरा सम्बन्धित ऋणियों पर धारा 13(2) के नोटिस की तामील ऋणियों/जमानतदारों पर विधिवत् रूप से होनी आवश्यक है।**

**जहां तक ऋण की एवज** में बंधक रखी गई अप्रार्थी स्व. अशोक कुमार की सम्पत्ति प्लॉट नं 6, जी–24 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर जो प्रार्थी बैंक के पास बंधक रखी हुई है, का संबध है, वह निम्न हस्ताक्षरकर्ता के क्षेत्राधिकार जिला श्रीगंगानगर में स्थित है। इसलिए वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

**जहां तक अप्रार्थीगण ऋणियों पर धारा 13(2) के जारी** नोटिस 26.11.2019 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 26.11.2019 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने का धारा 13(2) के नोटिस अप्रार्थीगण को रजिस्टर्ड डाक से दिनांक 29.11.2019 भिजवाये गये है। अप्रार्थीगण ऋणियों उषा पत्नी स्व. अशोक कुमार (उत्तराधिकारी के रूप में), उषा पत्नी स्व. अशोक कुमार एवं राजकुमार बवेजा धारा 13(2) नोटिस भिजवाने की पोस्ट ऑफिस की रसीद एवं ऑन लाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध है किन्तु **अप्रार्थी आकांक्षा पुत्री स्व. अशोक कुमार (उत्तराधिकारी के रूप में) एवं आकाश सेठी पुत्र स्व. अशोक कुमार को धारा 13(2) भेजने की रसीद एवं ऑनलाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी बैंक ने धारा**

Signature Not Verified
Digitally signed by Rukmani Riar
Date: 2022.06.01 13:24:27 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

